हादसा | पड़रिया कला में मिट्टी निकालने के दौरान हादसा, प्रशासन ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन, परिजनों को 4 .50 लाख की सहायता स्वीकृत

# अवैध छुई खदान धंसने से महिला की मौत





**शहपुरा नवभारत 1 जून।** शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रिया कला में छुई मिट्टी निकालने के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पड़रिया कला स्थित निजी भूमि के खसरा क्रमांक 230 रकबा 0.41 हेक्टेयर में ग्रामीण अपने कच्चे मकानों की छपाई एवं मरम्मत के लिए छुई मिट्टी निकालने पहुंचे थे। इसी दौरान अचानक मिट्टी धंस गई और वहां मौजूद लोग इसकी चपेट में आ गए। घटना के समय कई ग्रामीण सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन ममता बाई झारिया मिट्टी के मलबे में दब गईं।

## ग्रामीणों ने राहत कार्य में किया सहयोग

घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और राहत कार्य में सहयोग करते रहे। प्रशासन द्वारा पूरे घटनाक्रम पर लगातार निगरानी रखी गई तथा संभावित खतरे को देखते हुए क्षेत्र को सुरक्षित कराया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार जिस स्थान से मिट्टी निकाली जा रही थी, वहां लंबे समय से छुही उत्खनन का कार्य चल रहा था।

## अवैध उत्खनन को लेकर उठने लगे सवाल

हादसे के बाद क्षेत्र में अवैध उत्खनन को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते निगरानी और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाते तो इस प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सकता था।

जिला प्रशासन ने मृतका के परिवार को तत्काल राहत प्रदान करते हुए बताया कि ममता बाई झारिया का संबल योजना में पंजीयन होने के कारण पात्रतानुसार 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए दिवंगत महिला को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रभावित परिवार को शासन की सभी पात्र सहायता योजनाओं का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराने तथा आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### काफी मशक्कत के बाद महिला को मलबे से बाहर निकाला

घटना की सूचना मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, तहसीलदार राम प्रसाद मार्को सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अमला मौके पर पहुंचा। जेसीबी मशीनों की सहायता से तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद महिला को मलबे से बाहर निकाला गया और 112 एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।




# भीषण गर्मी में ग्राम खितौली में गहराया पेयजल संकट

ग्रामीण चंदा कर पानी टैंकर बुलाकर बुझा रहे हैं प्यास

**अमरपुर नवभारत ।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत मौहारी के ग्राम खितौली में इस भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को पीने के पानी के लिए ग्रामीणों को चंदा करके पानी टैंकर बुलाकर अपनी प्यास बुझाने मजबूर हैं।

ग्रामीणों के अनुसार मौहारी के ग्राम खितौली में नल जल पाइप लाइन को बिछाया गया हैं। खितौली में दो हैंडपंप एवं पांच कुआं हैं, जोकि इस भीषण गर्मी के चलते सूख गए हैं। जहां पर पानी के लिए अलसुबह से लेकर देर रात्रि तक लंबे इंतजार के बाद कुछ लोगों को ही पानी मिल पाता हैं। उक्त कुएं में पानी खत्म होने पर लोगों खाली वर्तन लेकर घर वापस



लौटना पड़ता हैं।

## पाईप लाईन बिछा दी गई, लेकिन कनेक्शन नहीं किया गया

इस समस्या से परेशान होकर ग्रामीणों ने स्वयं से चंदा कर पानी टैंकर बुलाकर पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। यहां पर आठ किलोमीटर दूर से एक टैंकर पानी 1500 रूपए में लाकर जीवनयापन कर रहे हैं। जानकारी अनुसार गांव में जल जीवन मिशन का कार्य विगत दो वर्षों से चल रहा हैं, जिसके तहत पाईप लाईन बिछा दी गई हैं, परंतु कनेक्शन नहीं किया गया।

## सड़क जाम करने की दी चेतावनी

खितौली के ग्रामीणों द्वारा शासन प्रशासन से मांग की जा रही है कि जल्द से जल्द पीने का पानी की व्यवस्था की जाए। पीने के पानी का जल्द समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने बिछिया डिंडौरी मुख्यमार्ग पर सड़क जाम धरना प्रदर्शन की खुली चुनौती दी हैं, जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी शासन प्रशासन की होगी।

# वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक रामकृष्ण उद्दे निलंबित

कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही पर की गई कार्रवाई

**डिंडौरी, नवभारत 1 जून।** जिला प्रशासन ने कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं उच्चाधिकारियों की जांच रिपोर्ट के विपरीत कार्रवाई करने के मामले में वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक रामकृष्ण उद्दे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में सहकारी समिति बरगांव के ऑपरेटर द्वारा शासन के निर्देशों का पालन नहीं किए जाने संबंधी तथय सामने आए थे। जांच दल में तहसीलदार शहपुरा, नायब तहसीलदार, खाद्य अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षक शामिल थे। जांच के दौरान संबंधित भूमि पर सिकमी बटाई का नाम दर्ज नहीं पाया गया तथा समर्थन मूल्य पर फसल विक्रय संबंधी दावे भी सही नहीं पाए गए।

## पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही

जांच प्रतिवेदन में तत्कालीन नायब तहसीलदार शैलेष गौर को दोषमुक्त बताया गया था। इसके बावजूद वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक रामकृष्ण उद्दे द्वारा उच्चाधिकारियों की जांच रिपोर्ट के विपरीत पुलिस थाना में बयान दर्ज कराए गए, जिनके आधार पर शैलेष गौर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई। जारी आदेश के अनुसार, रामकृष्ण उद्दे ने बयान दर्ज कराने से पूर्व न तो जिला कलेक्टर एवं न ही अपने विभागीय प्रमुख से अनुमति प्राप्त की। इस कृत्य को पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही माना गया।

## जवाबदेही की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा

उक्त तथ्यों के आधार पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा के नियम-9 के तहत रामकृष्ण उद्दे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला पंचायत डिण्डौरी निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई को शासकीय कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं अनुशासन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# खरमेर नदी अपनी दुर्दशा पर बहा रही आंसू

नदी के दोनों तरफ अतिक्रमण कर ग्रामीण कर रहे खेती

**अमरपुर नवभारत 1 जून।** अमरपुर क्षेत्र की जीवन दायिनी मानी जाने वाली खरमेर नदी वर्तमान समय में अपने अस्तित्व पर आंसू बहा रही हैं। इसका उद्गम स्थल समनापुर ब्लॉक में हैं, जोकि अमरपुर ब्लॉक से गुजरते हुए नर्मदा नदी में जाकर समाहित हो जाती हैं।

उक्त नदी के दोनों ओर बारह महीने हरियाली दिखाई देती हैं, साथ ही कृषि उत्पादन में भी इस नदी का विशेष योगदान हैं। पूरे नदी के किनारे भारी मात्रा में सब्जी उत्पादन हो रहा हैं। क्षेत्रीय कृषक इस नदी से सिंचाई कर अच्छी खासी लाभ भी अर्जित कर रहे हैं, जिसमें शासन द्वारा अनेक स्टाप डैम निर्माण किए गए हैं, जिससे



भूजल स्तर भी काफी बढ़ा हैं।

## नदी में भारी मात्रा में अपशिष्ट हो गया जमा

खरमेर नदी किनारे वाले गांवों में नल कूप सूख जाते थे। उनमें इस भीषण गर्मी में भी पानी निकल रहा हैं। परंतु वर्तमान समय में ग्रामीणों की लापरवाही के कारण नदी का अस्तित्व ही खतरे में दिखाई दे रहा हैं। नदी में भारी मात्रा में अपशिष्ट जमा होते जा रहा हैं। इसके साथ ही नदी के दोनों तरफ अतिक्रमण कर खेती भी की जाने लगी हैं। जिससे दिनों-दिन नदी की चौड़ाई एवं गहराई दोनों ही कम होते जा रहे हैं। खरमेर नदी की गहराई व सफाई कर बढ़ाई जा सकती हैं।

## ब्लास्टिंग से नदी की गहराई कम हो गई

वर्तमान समय में संचालित जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत सफाई किया जाना उचित माना जा रहा हैं। अमरपुर चांदपुर पुल निर्माण में हुए ब्लास्टिंग से भी नदी का गहराई कम हो गई हैं। ब्लास्टिंग के पत्थरों को निर्माण एजेंसी द्वारा सफाई किया जाना चाहिए, अभी नदी में कम पानी होने के चलते उचित अवसर माना जा रहा हैं।



# शिक्षक रत्ती सिंह ने सेवानिवृत्ति को उत्सव के रूप में मनाया

**अमरपुर, नवभारत 1 जून।** जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत मोहनझिर माध्यमिक शाला में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षक रत्ती सिंह मरावी 31 मई को 42 वर्ष की सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत हुए। श्री मरावी द्वारा सेवानिवृत्ति को भी एक उत्सव के रूप में मनाया गया। उन्होंने अपने निवास स्थान पर पारंपरिक करमा नृत्य एवं गुदुम नृत्य से मेहमानों का जोरदार स्वागत कर आदिवासी व्यंजन पेज-भाजी सहित अन्य भोजन भी परोसा गया। इस अवसर पर महेंद्र ठाकुर ने कहा कि आप शासकीय सेवा से मुक्त हुए हैं, परंतु सामाजिक सेवा से नहीं। समाज को भी आपकी जरूरत हैं। इसी प्रकार सेवानिवृत शिक्षक पीके सोनी, केएस तेकाम, बीएल कुंजाम, एमएल मरावी, शिक्षक टी. आर. तेकाम, शैलेंद्र सिंगौरे, आईके यादव, रवींद्र कुमार धार्वे आदि शिक्षक एवं पत्रकार शिव कुमार राजपूत सहित अन्य कर्मचारी ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता : कानूनगो

मानव अधिकारों के संरक्षण के संबंध में जानकारी साझा की



**डिंडौरी, नवभारत 1 जून।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के पत्रकारों के साथ प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में उन्होंने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की भूमिका एवं मानव अधिकारों के संरक्षण के संबंध में जानकारी साझा की।

श्री कानूनगो ने कहा कि राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मानव अधिकारों की रक्षा एवं संरक्षण सुनिश्चित करना है। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे तथा कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों और सुविधाओं से वंचित नहीं रहे, इसके लिए आयोग निरंतर कार्य कर रहा है।

## अधिकारों के प्रति किया जा रहा जागरूक

उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना शासन और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मीडिया जनसमस्याओं को सामने लाने और आमजन को उनके अधिकारों एवं शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## भ्रमण कर की योजनाओं की समीक्षा

प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने पत्रकारों के विभिन्न प्रश्नों के सकारात्मक उत्तर भी दिए तथा जिले में किए गए भ्रमण एवं योजनाओं की समीक्षा से संबंधित जानकारी साझा की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, अपर कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार जिला प्रशासन के अधिकारी एवं जिले के पत्रकार उपस्थित रहे।

### प्रियंक कानूनगो का करंजिया में किया गया स्वागत



**करंजिया, नवभारत 1 जून।** मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो के नर्मदा परिक्रमा के दौरान करंजिया पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। नर्मदा सेवा यात्रा के तहत करंजिया पहुंचे श्री कानूनगो का स्वागत भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक-चंदन लगाकर और माता नर्मदा की पवित्र चुनरी भेंट कर किया गया। इस दौरान क्षेत्र में हर्ष का माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने नर्मदा संरक्षण और मानव अधिकारों के प्रति उनके कार्यों की सराहना की। स्वागत कार्यक्रम में अनिमेष विश्वास अधिवक्ता, कृष्णमणि, महामंत्री गजेन्द्र करचाम, करंजिया जनपद अध्यक्ष राजू सिंह उद्दे, आयुष साहू, विनोद नेटी, दिनेश पड़वार, सुयश साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सेवानिवृत्त प्रबंधक शिवभगत झारिया को दी बिदाई

**शहपुरा, नवभारत 1 जून।** लैंप्स जमगांव के प्रबंधक शिवभगत झारिया के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लैंप्स जमगांव के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके लंबे एवं सराहनीय सेवाकाल को याद करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी।

इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह आर्मो विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने शिव भगत झारिया को सेवानिवृत्ति पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल जीवन की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि श्री झारिया ने अपने कार्यकाल के दौरान किसानों और सहकारी संस्थान के हित में उल्लेखनीय योगदान दिया है, जिसे सदैव याद रखा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों ने पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया।

# पेड़ पर लटका मिला संगीता सिंह का शव

**चिल्हारी नवभारत 1 जून।** इंदवार थाना अमरपुर चौकी अन्तर्गत ग्राम बकेली उमरिया में विवाहित माहिला का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला। मृतिका की पहचान संगीता सिंह पति जयकरण सिंह के रूप में हुई। बताया गया कि मृतिका संगीता सिंह तीन दिन पहले अपने मायके बकेली उमरिया आई थी। उसकी डेढ़ साल की बच्ची भी है। घटना की जानकारी अमरपुर चौकी पुलिस को दी गई। अमरपुर चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह दलबल सहित घटना स्थल में पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लेते हुए घटना की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को दी। इसके बाद घटनास्थल पर नायब तहसीलदार आरएल पानिका ने पहुंचकर शव को फंदे से उतरवा कर पंचनामा आदि की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अमरपुर पुलिस द्वारा प्रकरण की विवेचना की जा रही है कि किन कारणों से महिला द्वारा यह आत्मघाती कदम उठाया गया। ग्रामीणों के मुताबिक युवती मानसिक रूप कमजोर थी।




# व्यावहारिक पहलुओं की दी गई जानकारी

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने प्रशिक्षण आयोजित

**शहपुरा, नवभारत 1 जून।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा के तत्वावधान में रविवार को शहपुरा नगर के जबलपुर रोड स्थित छाया पैलेस में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डिंडौरी के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन, फार्मेसी प्रबंधन, हॉस्पिटल मैनेजमेंट तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने आधुनिक स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणाली, कार्यकुशलता बढ़ाने के उपाय तथा मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार पर भी प्रकाश डाला।

### जिज्ञासाओं का भी किया गया समाधान

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी गई तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मचारियों के ज्ञान और कौशल में वृद्धि करते हैं, जिससे स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इसे उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

चर्चा | रात्रि चौपाल में समस्याओं के शीघ्र निराकरण का दिया आश्वासन

# जमीन पर बैठकर कलेक्टर ने किया ग्रामीणों से संवाद



**चिल्हारी नवभारत 1 जून।** कलेक्टर राखी सहाय ने जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम माला में आयोजित रात्रि चौपाल में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण का आश्वासन दिया।

चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, विद्युत, आवास, राशन, राजस्व प्रकरण, दिव्यांग पेंशन, किसान सम्मान निधि, स्कूल परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण, विद्यालय उन्नयन, फौती नामांतरण, पशु शेड निर्माण भुगतान सहित विभिन्न स्थानीय समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

## योजनाओं का लाभ हितग्राही तक पहुंचाया जाएगा

कलेक्टर सहाय ने सभी शिकायतों एवं मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों का नियमानुसार परीक्षण कर पात्र मामलों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## गणवेश वितरण के संबंध में जानकारी ली

चौपाल के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से विद्यालय में मिलने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश वितरण के संबंध में जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आवश्यक सुविधाएं मिल रही हैं। ग्रामीणों द्वारा पेयजल संकट की शिकायत किए जाने पर जांच में पाया गया कि पंप ऑपरेटर की अनुपलब्धता के कारण जल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित ठेकेदार को बुलाकर समस्या के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

## इनकी रही उपस्थिति

रात्रि चौपाल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या, ए सडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, एसडीओपी पी.एल. परस्ते, डिप्टी कलेक्टर प्रत्युष श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

आंगनबाड़ी केंद्रों में गुणवत्ताविहीन भोजन वितरण की शिकायत पर महिला एवं बाल विकास विभाग को जांच कर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। चरण गंगा नदी के आसपास अतिक्रमण की शिकायत पर कलेक्टर ने ग्रामीणों को ग्राम पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव भेजने को कहा, ताकि नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा सके।